एक नजर में

112 वर्षीय धनकुंवर बाई पाटीदार का निधन, बैंडबाजों के साथ निकली अंतिम यात्रा

बदनावर। ग्राम प्रीतम नगर में पाटीदार समाज की वरिष्ठ सदस्य श्रीमती धनकुंवर बाई पाटीदार (112 वर्ष) का निधन हो गया। वे स्वर्गीय जगन्नाथजी पाटीदार की धर्मपत्नी थीं। मंगलवार सुबह 9 बजे उनकी अंतिम यात्रा तहसील रतलाम स्थित निज निवास से डोल के रूप में बैंडबाजों के साथ निकाली गई, जिसके बाद स्थानीय मुक्तिधाम पर पुत्रों ने मुखाग्नि दी। वे पाटीदार समाज न्यास रतलाम-झाबुआ के पूर्व अध्यक्ष बाबूलाल पाटीदार, वरिष्ठ अधिवक्ता उछबलाल पाटीदार, रतनलाल मुंशी तथा गोवर्धनलाल पाटीदार 'लक्कड़' की माताजी थीं। साथ ही विजय, सुरेश, मुकेश, राजेश, बंसी और गोपाल की दादी तथा बिलपाक ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मंगल पाटीदार की नानीजी थीं। परिवार में दीपक, सचिन, नितिन, हर्षित, प्रियांश, आशिक, अभिषेक, आनंद, कुलदीप, हार्दिक और सात्विक सहित बड़ी संख्या में परिजन हैं। अंतिम यात्रा में समाजजन एवं क्षेत्र के अनेक लोगों ने शामिल होकर श्रद्धासुमन अर्पित किए और दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

अंशुमन जोशी राष्ट्रीय कार्यकारिणी में शामिल

बदनावर। अखिल भारतीय ओदिच्य ब्राह्मण महासभा युवा इकाई में बदनावर के अंशुमन जोशी को राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया है। यह नियुक्ति महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्यनारायण त्रिवेदी एवं राष्ट्रीय महासचिव डॉ. रवि ठक्कर के मार्गदर्शन में युवा इकाई के राष्ट्रीय अध्यक्ष चेतन अवस्थी तथा राष्ट्रीय महामंत्री की सहमति से की गई। संगठन के प्रति उनकी निष्ठा, सक्रियता और युवाओं के बीच लोकप्रियता को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। महासभा पदाधिकारियों ने विश्वास जताया कि अंशुमन जोशी राष्ट्रीय स्तर पर संगठन को मजबूती प्रदान करने, युवा गतिविधियों को गति देने तथा समाजहित से जुड़े कार्यक्रमों को प्रभावी रूप से आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएंगे। नियुक्ति की जानकारी मिलते ही समाजजनों एवं शुभचिंतकों में हर्ष का माहौल दिखाई दिया। इस अवसर पर गोवर्धनलाल जोशी, ईश्वर जोशी, प्रदीप पांडे, दीपक द्विवेदी सहित समाज के कई लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए अंशुमन जोशी को बधाई दी ।

प्रदेश सरकार ने कार्यभारित, आकस्मिकता निधि एवं कोटवार के 1 .20 लाख पद समाप्त किए

सरदारपुर । मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा स?क, सिंचाई और भवन निर्माण विभाग जैसे महत्वपूर्ण विभागों के 16810 पद, आकस्मिकता निधि अंतर्गत आने वाले सबसे ज्यादा 55808 पद, संविदा कोटवार श्रेणी के 34497 पदों को सामान्य प्रशासन विभाग डाइंग कैडर घोषित कर कुल 1 लाख 20 हजार 710 पदो को खत्म करने पर सरदारपुर विधायक प्रताप ग्रेवाल द्वारा विगत दिवस मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर आदेश वापस लेने की मांग रखी। विधायक प्रताप ग्रेवाल ने पत्र के माध्यम से मुख्यमंत्री को अवगत करवाया है कि धार जिले मे सबसे ज्यादा कार्यभारित के 177, आकस्मिकता के 1896, कोटवार के 9000 सहित लगभग 11073 पदो को समाप्त किया जा रहा है। जबकि धार जिले मे 72580 जीवित बेरोजगार है गरीबो से रोजगार छिनने का नया तरीका सरकार ने निकाला है। आर्थिक संतुलन बनाने के लिये 1.20 लाख उपरोक्त तीनो पदो को खत्म करने से सामाजिक अधिनियम (सोशल इंजीनियरिंग) छिन्न भिन्न हो जायेगा, आर्थिक असमानता बढ जाने से कानून व्यवस्था की चुनौती बढ जायेगी। विधायक ग्रेवाल ने पत्र मे यह भी बताया है कि उपरोक्त तीनो ही श्रेणी के 1.20 लाख पदो पर कार्यरत निम्न और अति निम्न वर्ग के है उन पदो पर मासिक खर्च लगभग 180 करो? प्रतिमाह तथा 2000 करोड़प्रतिवर्ष होता है यदि सारे पदों पर कार्यरत हो। जबकि पिछले 10 वर्ष का अध्ययन करें तथा हाल ही में जारी आर्थिक सांख्यिकी विभाग की रिपोर्ट देखे तो लगभग 40 से 60 प्रतिशत पद पर ही कार्यरत है इस में पदों पर वार्षिक व्यय 1000 करोड़ से भी कम होता है इन पदों को खत्म करने से मात्र 1000 करोड़ की बचत संभावित है जबकि कई मदो में इससे कई गुना ज्यादा अनावश्यक खर्च कर उच्च आय वर्ग की सीधी सहायता कर रहे हैं। विधायक प्रताप ग्रेवाल ने प्रदेश के कर्मचारियो के हित मे प्रदेश मे कार्यभारित, संविदा, कोटवार पद तथा आकस्मिकता निधी के 1.20 लाख पदों को खत्म करने के फैसले को वापस लेकर नए पद सृजित करने की मांग की। यह जानकारी विधायक कार्यालय से विष्णु चौधरी द्वारा दी गई।

समाजसेवी रमेश दोशी को सहयोग राशि देकर किया सम्मानित

इंदौर . विगत दो दशकों से प्रतिदिन 5 घंटे कैंसर पीड़ितो की सेवा कर रहे 83 वर्षीय वरिष्ठ समाजसेवी रमेश दोशी को कैंसर पीड़ित सेवा संस्था व सुभाष चौक मित्र मंडल ने सहयोग राशि भेंट कर सम्मान किया . इस धनराशि का उपयोग कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी से जूझ रहे पीड़ितों की दवाई एवं उनके परिजनों को आने- जाने में लगने वाला खर्च, बच्चों की पढ़ाई एव राशन खर्च में होगा . जो कैंसर पीड़ित मरीज हास्पिटल नहीं आ सकते उनकी घर जाकर दवा वितरण का कार्य कर रहे है, ऐसे सेवाभावी रमेश दोषी का सम्मान राजेश जैन युवा के नेतृत्व में किया गया व आवश्यक दवा का वितरण किया . यह जानकारी देते हुए सुभाष मित्र मंडल के प्रमुख योगेंद्र सांड ने बताया कि जो कैंसर मरीज हॉस्पिटल में आने में सक्षम नहीं है, ऐसे मरीजो को घर बैठे आवश्यक् दवाईया उपलब्ध कराने का कार्य समाजसेवी रमेश दोषी नि :स्वार्थ भाव से कर रहे हैं . इस अवसर पर दिलीप वोरा .अनिल जैन .रमेश चौकसे, विजय जैन . अशोक पाटनी विशेष रूप से उपस्थित थे . उन्होंने बताया कि उक्त हॉस्पिटल में प्रदेश भर से रोजाना 150 के लगभग ऐसे मरीज उपचार के लिए आते है जिनकी आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति बड़ी दयनीय होती है . यहाँ तक कि उनके पास न पैसे होते है और ना अन्य साधन। ऐसे पीड़ितों की सेवा में लीन है रमेश दोशी .

पांच सुपरफूड्स से अपने हृदय को रखें मजबूत

इंदौर . आज की तेज़-रफ्तार जिंदगी में ख़राब जीवनशैली के कारण उच्च कोलेस्ट्रॉल, हाई ब्लड प्रेशर और अन्य हृदय संबंधी समस्याएँ आम होती जा रही हैं . हृदय स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने की शुरुआत सही पोषण से होती है, और बादाम, फैटी फिश, हरी पत्तेदार सब्जियाँ, दालें तथा फल जैसे पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य पदार्थों को आहार में शामिल करना महत्वपूर्ण अंतर ला सकता है . मैक्स हेल्थकेयर में रीजनल हेड डायटेटिक्स, रितिका समद्दर ने बताया रोज़ाना की डाइट में एक मुट्ठी बादाम शामिल करना एक अच्छी शुरुआत हो सकती है . कैलिफोर्निया बादाम का सेवन कुल और एलडीएल कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मदद कर सकता है . आहार में फैटी फिश को शामिल करना हृदय स्वास्थ्य के लिए बेहद लाभकारी है, क्योंकि इसमें ओमेगा-3 फैटी एसिड प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं . हरी पत्तेदार सब्जियाँ विटामिन, मिनरल्स, फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होती हैं, जो हृदय स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करते हैं . दालें और फलियाँ हृदय के लिए बेहद लाभकारी मानी जाती हैं . ताजे फल हृदय स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने का एक प्राकृतिक और प्रभावी तरीका हैं .

आईडीएफसी ने लॉन्च किया मल्टीप्लायर क्रेडिट कार्ड

इंदौर . आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने फाउंडर्स, आंत्रप्रेन्योर्स और बिज़नेस ऑनर्स के लिए एफडी-समर्थित बिज़नेस मल्टीप्लायर मेटल क्रेडिट कार्ड लॉन्च किया है . इस प्रीमियम मेटल कार्ड को बिज़नेस संबंधी हर दिन की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है . इस पर बिज़नेस और कार्डहोल्डर दोनों के नाम प्रदर्शित होते हैं, जिससे बिज़नेस में इसके उपयोग को और भी अधिक मजबूती मिलती है . बिज़नेस खर्चों के लिए अलग क्रेडिट लिमिट के साथ यह कार्ड बिज़नेस और पर्सनल खर्चों को अलग-अलग रखने में मदद करता है। लॉन्च के बारे में बात करते हुए शिरीष भंडारी, हेड- कार्ड्स, पेमेंट्स और लॉयल्टी, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने कहा एफडी-समर्थित बिज़नेस मल्टीप्लायर मेटल क्रेडिट कार्ड एक ऐसा विकल्प प्रदान करता है, जिसे खासतौर पर बिज़नेस संबंधी जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।

धरोहर संरक्षण सरकार नहीं, जन सहकार से हो : अशोक सिंह

धार /- किसी भी सभ्यता की आत्मा उसकी धरोहरों और सांस्कृतिक विरासत में बसती है। जो समाज अपनी विरासत को सहेजता है, वही इतिहास से शक्ति लेकर भविष्य का निर्माण करता है।

धार, मांडू और बाग की ऐतिहासिक धरोहरें केवल स्थापत्य नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक चेतना और गौरव की जीवित पहचान हैं। किसी भी शहर की पहचान में वहाँ की धरोहर व विरासत का महत्वपूर्ण योगदान होता है। धार, बाग व मांडू की विरासत अनूठी व विशिष्ट है। आज विरासत स्थल भोजशाला के कारण धार देश व दुनिया में चर्चित है। ये विचार इंडियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एंड कल्चरल हेरिटेज अर्थात इंटेक के चेयरमैन श्री अशोक सिंह ठाकुर ने धार में इंटेक धार चैप्टर द्वारा आयोजित हेरिटेज संवाद में व्यक्त किए।

धरोहर संरक्षण और नागरिक दायित्व विषय पर बोलते हुए श्री ठाकुर ने कहा कि देश में मूर्त व अमूर्त विरासत तथा धरोहरों के संरक्षण में इंटेक अग्रणी संस्था है। बावड़ी सूचीकरण, कुंभ प्रयागराज, सिंहस्थ उज्जैन तथा आदिवासी लोक पर्व भगोरिया पर धार चैप्टर ने उल्लेखनीय रिसर्च व डॉक्यूमेंटेशन कार्य किया है।

कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए इंटेक धार चैप्टर के संयोजक डॉ. दीपेंद्र शर्मा ने कहा कि हमारी धरोहर हमारी पहचान है, उन्हें सँभालना भी हमारी जिम्मेदारी है। कोविड के बाद पर्यटक स्थलों पर पर्यटकों की संख्या में बड़ी वृद्धि हुई है। स्वच्छ भारत अभियान में सरकार व समाज ने इन स्थलों की सफाई पर विशेष ध्यान दिया है। स्वच्छ स्थान को स्वच्छ बनाए रखना हमारा कर्तव्य है।

शोधार्थी संस्कृति पंवार ने कहा कि वर्तमान समय में सोशल मीडिया एक सशक्त माध्यम है। धरोहर संरक्षण में इसका उपयोग किया जाना चाहिए। किसी भी स्थान पर जाएँ, उसके फ़ोटो खींचकर सोशल मीडिया पर डालना चाहिए। ये चित्र अपने आप ही भविष्य के लिए प्रमाण बन जाते हैं। इससे हमारी धरोहर का सहज प्रचार-प्रसार भी होता है।

धरोहर संरक्षण के लिए महत्व के प्रति जागरूकता लाना आवश्यक

कवि डॉ. संदीप शर्मा ने अपने विचार रखते हुए कहा कि धरोहर संरक्षण में सबसे बड़ी बाधा यह है कि लोग इसके महत्व को नहीं समझते। यदि इसके महत्व को समझें, तो संरक्षण अपने आप होगा। धरोहर संरक्षण के लिए उसके महत्व के प्रति जागरूकता लाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि 卐सीख हम बीते युगों से, नए युग का करें स्वागत卐 की तर्ज पर धरोहर हमारे भविष्य के लिए मार्गदर्शन करती है।संचालन करते हुए शिक्षाविद् व समाजसेवी हरिहरदत्त शुक्ल ने सम्पत्ति और विरासत के अंतर को स्पष्ट किया। संवाद सभा में इंटेक के नए सदस्यों अनुप श्रीवास्तव, डॉ. साधना चौहान, गुंजाली जोशी, गौरव अग्रवाल तथा विक्रमादित्य पंवार को चेयरमैन श्री ठाकुर ने बैज, मुख्यालय से जारी पत्र, रसीद एवं पहचान पत्र प्रदान किए। इंटेक के कार्यों से प्रभावित होकर 10 नए सदस्यों ने इंटेक की आजीवन सदस्यता ग्रहण की। आभार वरिष्ठ नागरिक प्रमोद टोंग्या ने व्यक्त किया। यह जानकारी इंटेक सदस्य हरजीत सिंह होड़ा ने दी।

यह आन्दोलन मैं का नही हम सकल हिन्दू समाज के स्वाभिमान का था

धार । कई वर्षो पश्चात शुक्रवार को हिन्दू समाज स्वाभिमान और सम्मान के साथ भोजशाला में माँ का पूजन और महाआरती करेगा, हम सभी जानते हैं कि राजा भोज द्वारा निर्मित माँ सरस्वती मंदिर भोजशाला को जब मुगल आक्रांता अलाउद्दीन खिलजी ने 1305 ई0 में इस पर अवैध कब्जा कर इसे अपवित्र कर दिया था, तभी से इस मंदिर में हिन्दू समाज यहां पूजन अर्चन करने लिए संघर्ष कर रहा था।

समय-समय पर अनेको महापुरुषों ने अपने स्तर पर इसकी मुक्ति के प्रयास किए और इस संकल्प को जीवित रखा कि हम एक दिन हमारी मां के मंदिर को इन जिहादियों से मुक्त कराएंगे। सन् 1997 में जब भोजशाला की मुक्ति और उसके गौरव की पुनर्स्थापना का संकल्प लेकर हिन्दू समाज के स्वाभिमानी आंदोलनकर्ताओं ने एक अभियान प्रारंभ किया था, जिसकी अंतिम मुहर 15 मई 2026 शुक्रवार को उच्च न्यायालय इंदौर ने लगा दी, यह संयोग ही था कि अंतिम मुहर भी शुक्रवार को लगी, इसका अर्थ है माँ की भी यही इच्छा है।माता ने ही स्वयं घोषित कर दिया यह पूर्ण रुप से मंदिर है, नमाज का कोई अधिकार नही है। इस निर्णय से बहुत सारे परिवर्तन हुए, अब पुरातत्व विभाग ने नया नामकरण कर दिया भोजशाला, कमाल मौला मस्जिद हट चुका है। इन परिवर्तनों के अलावा एक महत्वपूर्ण परिवर्तन और हुआ जिस पर सबका ध्यान जाना चाहिए।

विगत 721 वर्षों में पहली बार इस 22 मई 2026 को आने वाला शुक्रवार एक ऐतिहासिक रहेगा क्योंकि इस शुक्रवार को हिन्दू समाज को भोजशाला में अधिकारपूर्वक पूर्ण स्वाभिमान और सम्मान के साथ पूजन अर्चन करने का अवसर मिलने वाला है। इसके पहले प्रति शुक्रवार हिन्दू समाज को मंदिर में प्रवेश का अधिकार नही था और जब जब शुक्रवार को बसंत पंचमी आती थी, तो हिन्दू समाज को अपमानित होकर, मारपीट कर, वहां से भगा दिया जाता था और नमाज पढ़ाई जाती थी। मुगलों और अंग्रेजों के समय तो यह होता ही था परंतु आजादी के पश्चात से आज तक यह कृत्य जारी था। इस अवसर पर 22 मई 2026 को शुक्रवार के दिन यदि कोई न्यायालयीन अड़चन नहीं आती है, तो हिन्दू समाज पूर्ण स्वाभिमान और सम्मान के साथ

कृषि वर्ष 2026 अभियान के तहत पिटगारा पहुंचा कृषि रथ

ई-टोकन उर्वरक प्रणाली सहित आधुनिक खेती की तकनीकों से किसानों को किया जागरूक

बदनावर। ग्राम पिटगारा में मध्य प्रदेश शासन के किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा वर्ष 2026 को 卐कृषि वर्ष卐 के रूप में मनाने के उद्देश्य से संचालित विशेष अभियान अंतर्गत मंगलवार को बदनावर विकासखंड के पिटगारा में कृषि रथ पहुंचा, जहां खरीफ सीजन पूर्व कृषकों को वैज्ञानिक एवं उन्नत खेती संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गईं। कार्यक्रम में अधिकारियों ने ई-विकास व्यवस्था अंतर्गत लागू ई-टोकन उर्वरक वितरण प्रक्रिया की विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए बताया कि नई प्रणाली से खाद उपलब्धता अधिक पारदर्शी, व्यवस्थित और सुविधाजनक बनेगी। साथ ही अनुशंसित मात्रा में उर्वरकों के संतुलित उपयोग, प्राकृतिक एवं जैविक कृषि विस्तार, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, फसल विविधिकरण, एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन, रोग एवं कीट नियंत्रण, पराली प्रबंधन तथा कृषि को लाभकारी व्यवसाय बनाने संबंधी विषयों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया। कृषि अभियांत्रिकी विभाग द्वारा खेत समतलीकरण और आधुनिक उपकरणों के उपयोग से उत्पादन वृद्धि के उपाय भी समझाए गए। उपस्थित ग्रामीणों ने विशेषज्ञों से संवाद कर खरीफ फसलों की तैयारी, सिंचाई, उर्वरक उपलब्धता और नवीन तकनीकों से जुड़े सवाल पूछे, जिनका समाधान मौके पर किया गया। अधिकारियों ने शासन की योजनाओं का लाभ लेकर आधुनिक पद्धतियां अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि खेती में नवाचार अपनाने से लागत कम होने के साथ आय में वृद्धि संभव है। वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी घनश्याम बगड़, कृषि विस्तार अधिकारी सूर्यभानुप्रताप सिंह राठौर, कृषि विस्तार अधिकारी गोकुल चौहान, आत्मा परियोजना से चंचल चौहान सहित पशुपालन एवं उद्यान विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कृषकों ने सहभागिता कर जानकारी प्राप्त की तथा उन्नत तकनीकों को अपनाने का संकल्प लिया।

भाजपा प्रशिक्षण वर्ग से कार्यकर्ता होंगे मजबूत : चंचल पाटीदार

कुक्षी। प्रशिक्षण वर्ग कार्यकर्ताओं को संगठन के प्रति अधिक समर्पित, सक्षम और अनुशासित बनाने का काम करेगा। इसका मुख्य उद्देश्य कार्यकर्ताओं को भारतीय जनता पार्टी की मूल विचारधारा, गौरवशाली इतिहास और कार्यपद्धति से जो?ना है।यह बात वृंदावन गार्डन में पत्रकार से चर्चा करते भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष चंचल पाटीदार ने आज से शुरू हो रहे दो दिवसीय भारतीय जनता पार्टी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के शुभारम्भ से पूर्व पत्रकारों से चर्चा करते हुए कही। उन्होंने जिला स्तरीय आयोजित होने वाले दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण की तैयारियों और रूपरेखा की जानकारी देते हुए बताया की प्रशिक्षण वर्ग में धार ग्रामीण जिले के 180 से अधिक अपेक्षित भाजपा पदाधिकारी और प्रमुख कार्यकर्ता हिस्सा लेंगे। इस वर्ग में,13 विभिन्न सत्रों के माध्यम से कार्यकर्ताओं को वैचारिक और व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। आयोजन को गरिमामय

और व्यवस्थित बनाने के लिए संगठन द्वारा पदाधिकारियों को अलग-अलग विभागों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई है.राष्ट्रीयता से ओतप्रोत प्रदर्शनी, सभा मंच व्यवस्था और साज-सज्जा- प्रशिक्षण स्थल पर महापुरुषों की प्रदर्शनी, मुख्य मंच की आकर्षक और अनुशासित साज-सज्जा शामिल है.यातायात, वाहन पार्किंग और बाहर से आने वाले अतिथियों और कार्यकर्ताओं के वाहनों के लिए सुचारू यातायात व पार्किंग प्रबंधन के साथ सभी अपेक्षित पदाधिकारियों के रुकने और भोजन की उत्तम व्यवस्था होंगी.जिला अध्यक्ष ने महाअभियान को संगठन की मजबूती के लिए एक मील का पत्थर बताया।इस मौके पर भाजपा धार ग्रामीण जिला मीडिया प्रभारी विजय राठौर, जिला सह मीडिया प्रभारी अंकित शुक्ला, भाजपा जिला उपाध्यक्ष महेंद्र सेप्टा, जिला



मंत्री श्रीराम पाटीदार नगर मंडल अध्यक्ष युवराज सेप्टा सहित क्षेत्र के सभी प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार मौजूद रहे।

एक नजर में

सावित्री ठाकुर ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का बखान किया

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के नवीन भवन का केन्द्रीय मंत्री ठाकुर ने फीता काटकर शुभारंभ किया

बाग (युनूस खान) क्षेत्र की स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (ष्ट।ष्ट) बाग के 30 बिस्तरीय नवीन भवन का भव्य लोकार्पण संपन्न हुआ। 5,73 करोड़ लागत की स्वीकृत राशि से निर्मित यह सर्वसुविधायुक्त भवन स्थानीय और ग्रामीण क्षेत्र के मरीजों के लिए बेहद मददगार साबित होगा।

इस गरिमामयी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारत सरकार की महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री माननीय

श्रीमती सावित्री ठाकुर उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान मंच पर विशेष अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिनमें प्रमुख रूप से- सरदारसिंह मेड़ा जिला पंचायत अध्यक्ष, चंचल पाटीदार भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष, जयदीप पटेल भाजपा प्रदेश मंत्री, वीरेंद्र सिंह बघेल भाजपा प्रदेश महामंत्री, अनुसूचित जनजाति मोर्चा, मध्यप्रदेश,सुरेश सिसोदिया भाजपा मंडल अध्यक्ष, बाग, धर्मेंद्र बामनिया सरपंच, ग्राम पंचायत बाग, रोहित झंवर कांग्रेस विधायक प्रतिनिधि,, मोहनसिंह मुजाल्दा,

कांग्रेस जिला पंचायत सदस्य, बाग, सकरीबाई नारायण भूरिया जनपद पंचायत अध्यक्ष,

केन्द्रीय एवं राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने फीता काटकर एवं पट्टिका का अनावरण कर भवन का शुभारंभ किया । एवं स्वास्थ्य भवन को जनता को समर्पित किया। इस नए भवन के शुरू होने से क्षेत्र के लोगों को इलाज के लिए अब दूर नहीं जाना पड़ेगा और आधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं स्थानीय स्तर पर ही मिल सकेंगी। ?कार्यक्रम का स्वागत भाषण सीएमएचओ अनीता सिंगारे ने दिया । मंत्री सावित्री ठाकुर ने शासन की चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओ का बखान करते हुए कहा केन्द्र और प्रदेश भाजपा की सरकार ने सबका साथ सबका विकास की तर्ज पर निरंतर विकास किया हे । । इसी तरह भाजपा जिला मंत्री जयदीप पटेल, एवं जिला अध्यक्ष चंचल पाटीदार ने भी संबोधित किया । कार्यक्रम का सफल संचालन बीआरसी धर्मेंद्र ठाकुर ने किया। ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. हरिसिंह मुवेल ने सभी अतिथियों, अधिकारियों और पधारे हुए नागरिकों का आभार व्यक्त किया।